कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री साधुराम गुप्ता पुत्र श्री बद्री प्रसाद जाति अग्रवाल, 75A, गोपाल विहार द्वितीय, पुलिस लाईन, बांरा रोड, कोटा पिन नं0 324001।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा।

अपील सं0 41/2020

<u>निर्णय</u> दिनांक : 15.10.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/1790 दिनांक 16.09.2020 एवं स्मरण पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2020/1954 दिनांक 06.10.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा जिला दौसा से प्राप्त पृष्ठांकित प्रतिलिपि क्रमांकः भू0अ0/2020/2891 दिनांक 06.10.2020 मे अंकितानुसार वांछित सूचना/नकल उनके कार्यालय के पत्रांकः भू0अ0/2020/1815 दिनांक 30.06.2020 द्वारा पूर्व मे आवेदक को भिजवाया जाना एवं पुनः प्रमाणित प्रतियां पत्रांकः भू0अ0/2020/2890 दिनांक 06.10.2020 के संलग्न कर आवेदक भिजवाया जाना अवगत करवाया गया है। पृष्ठांकित पत्र 2891 दिनांक 06.10.2020 की प्रतिलिपि इस कार्यालय को भिजवाई गई है। उक्त पत्र की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official